## सतगुरु का सत्संग प्रोग्राम - पेटालूमा

**बुधवार, जुलाई 23 और गुरुवार, जुलाई 24, 2025**

**प्रोग्राम**

| | |
|---|---|
| गेट खुलने का समय: | 6:30 am |
| सत्संग हॉल खुलने का समय: | 6:30 am |
| सीटों पर बैठ जाने का समय: | 9:15 am |
| सत्संग शुरू: | 10:00 am |
| साइट बंद होने का समय: | 1:00 pm |

**केवल नॉर्थ-वेस्ट (Northwest), साउथ-वेस्ट (Southwest), और साउथ सेंट्रल (South Central) क्षेत्रों के निम्नलिखित राज्यों की संगत ही , पेटालूमा सत्संग प्रोग्राम में आ सकती है ।**

**(AK, AR, AZ, CA, CO, HI, ID, KS, MO, MT, NM, NV, OK, OR, TX, UT, WA, WY)**

मेक्सिको, बेलीज़, पैनामा और कैरिबियन में रहने वाली संगत भी सतगुरु के पैटालुमा सत्संग प्रोग्राम पर आमंत्रित है। इन क्षेत्रों से बाहर रहने वाली संगत को प्रोग्राम में आने की इजाज़त नहीं है। **अमेरिका से बाहर रहने वाली संगत को पेटलूमा सत्संग प्रोग्राम पर जाने की इज़ाज़त नहीं है, चाहे वह प्रोग्राम के दौरान आमंत्रित क्षेत्र में घूमने आए हों ।**

**सत्संग प्रोग्राम –** सत्संग का प्रोग्राम प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे शुरू होगा।

**आने का समय** – कृप्या साइट पर सुबह 6:30 बजे से पहले न आएँ। ज़्यादा जल्दी पहुँचने से सुरक्षा और ट्रैफिक के लिए खतरे की स्थिति पैदा हो सकती है। गेट् खुलने तक संगत के लिए कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। कृप्या सेवादारों को साइट पर पहुँचने और साइट तैयार करने के लिए समय और अपना सहयोग दें। कृप्या स्थानीय पुलिस के दिये निर्देशों का आदरपूर्वक पालन करें। **किसी को भी सुबह 6:30 बजे से पहले सत्संग हॉल में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। समय पर आने वालों के प्रति न्याय बनाए रखने के लिए, एक रैंडम लाइन चयन प्रक्रिया के अनुसार संगत को सत्संग हॉल में भेजा जाएगा।**

**बैठना** – संगत को सुबह 9:15 बजे तक बैठ जाना चाहिए। वे लोग जो साथ में बैठना चाहते हैं, उन्हें एक-साथ आना चाहिए। दूसरों के लिए सीटें रोक के रखने की अनुमति नहीं है। सबकी सुरक्षा और सुविधा के लिए, कृप्या सेवादारों के साथ सहयोग करें।

**सत्संग का साथ-साथ अनुवाद (सायमल्टेनीयस ट्रांसलेशन)** – सत्संग का पंजाबी या हिंदी से अंग्रेज़ी और अंग्रेज़ी से स्पैनिश का साथ-साथ अनुवाद होगा। इसके लिए हेडफोन के साथ सत्संग हॉल में एक निर्दिष्ट बैठने की जगह की व्यवस्था की गई है। कृप्या ध्यान दें कि, वहाँ बैठने की सुविधा सीमित है, इसलिए जो पहले आएँगे, उन्हें वहाँ बैठने का मौक़ा भी पहले मिलेगा।

**प्रश्न और उत्तर** – जो कोई सतगुरु से प्रश्न पूछना चाहते हैं, उन्हें प्रतिदिन सत्संग से पहले होने वाले एक रैंडम सिलेक्शन (random selection) के माध्यम से चयन किया जाएगा। चयन क्षेत्र सुबह 6:30 बजे खुलेगा और 8:00 बजे बंद होगा, जिसके बाद चयन होगा। यदि आप कोई प्रश्न करना चाहते हैं, तो अपनी सीट रख कर सत्संग हॉल के पीछे प्रश्न और उत्तर चयन क्षेत्र में आएं। यदि आपका चयन नहीं हुआ, तो आपको अपनी सीट पर वापस जाना होगा। एक बार चयन पूरा हो जाने के बाद, कोई भी प्रश्न और उत्तर के लाइन में शामिल नहीं हो सकता है।

**प्रश्न और उत्तर के लिए निर्देश**

डेरा ने प्रश्नों के संबंध में निम्नलिखित जानकारी प्रदान करने का आग्रह किया है:

1. प्रश्न करने वाले की उम्र 18 साल या उससे अधिक आयु की होनी चाहिए।
2. प्रश्न संक्षेप और स्पष्ट होने चाहिए।
3. केवल **एक ही** प्रश्न पूछा जाना चाहिए।
4. प्रश्न आध्यात्मिक होने चाहिए और व्यक्तिगत, आर्थिक, स्वास्थ्य, परिवार, या राजनीतिक समस्याओं के बारे में नहीं होने चाहिए।
5. दूसरों की ओर से प्रश्न नहीं पूछा जाना चाहिए।
6. लंबे नोट्स, कविताएँ या पत्र नहीं पढ़ने चाहिए।
7. सतगुरु जब आपके प्रश्न का उत्तर दे रहे हों, तो उन्हें बोलते हुए टोके नहीं; उनका उत्तर पूरा होने के बाद ही कुछ कहें।

**संगत से अनुरोध**

1. **प्रोग्राम के दौरान कभी भी तालियाँ नहीं बजानी चाहिए।**
2. **कृप्या प्रश्न पूछने वाले व्यक्ति की गोपनीयता का सम्मान करें और प्रश्न पूछने वाले व्यक्ति की ओर मुड़कर न देखें।**

**इन चीज़ों को लेकर आना मना है –** मोबाइल फोन, पेजर, कैमरा, दूरबीन, लेजर पॉइंटर, ऑडियो प्लेयर, घड़ी, और अन्य उपकरण जो ऑडियो/वीडियो रिकॉर्ड या प्रसारित कर सकते हैं, विडीओ गेम अथवा कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और हथियार इन्हें सत्संग हॉल, फ़ैमिली एरिया (Family area), और आस-पास के जगहों में बिल्कुल नहीं लाया जाना चाहिए। ऐसे किसी भी सामान को आपके आवास स्थान या वाहन में छोड़ना होगा या फिर सेवादारों के पास जमा कराना होगा।

**तस्वीर लेना और ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग** सत्संग के किसी भी स्थान पर मोबाइल फोन या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के उपयोग करने की अनुमति नहीं है।

**बड़े बैग और पर्स** (लगभग 6" x 9" से अधिक) खाने पीने की चीज़ें (केवल पानी को छोड़कर) को सत्संग हॉल के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है। कृप्या ध्यान दें कि सत्संग की जगह या फ़ैमिली एरिया (Family area) में प्रवेश पर हर बैग की जाँच होगी। छोटी गद्दी (cushion) की अनुमति है, लेकिन मेटल फ्रेम वाले किसी भी आसन की अनुमति नहीं होगी।

**इलेक्ट्रॉनिक स्क्रीनिंग** – सत्संग प्रोग्राम में आने वाले सभी संगत को इलेक्ट्रॉनिक तरीक़े से जाँच किया जाएगा।सभी पर्स और बैग जाँच किए जाएँगे। एंट्री पॉइंट पर आपको अपने जेब से सभी मेटल के चीज़ों को निकाल कर आपको दिये जाने वाले एक साफ़ प्लास्टिक बैग में रखने के लिए कहा जाएगा। कृप्या कोई ऐसे कपड़े ना पहने जिसमें अनावश्यक मेटल हो जैसे कि मेटल स्ट्राप, बड़े बेल्ट बकल आदि, जिससे मेटल डिटेक्टर से पकड़ा जाए और आपको देर हो जाए। कृप्या अपने सेल फ़ोन और कोई भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र अपनी गाड़ी में छोड़ कर आएँ या स्क्रीनिंग के पास के कलेक्शन पॉइंट पर जमा कर दें। अगर आपके पास कोई भी ऐसा सामान हो जिसे लाना मना है, आपको या तो अपने गाड़ी में वापस जाना होगा या फिर कलेक्शन पॉइंट में जमा करके स्क्रीनिंग एरिया से वापिस आना होगा ।

**नोट्स लेना** – सतगुरु की इच्छा है कि हम उनके साथ होने का पूरा फायदा उठाएं और समय और ध्यान को नोट्स लेने में न बर्बाद करें। कृपया सत्संग, प्रश्न-उत्तर के दौरान नोट्स ना लें। नोट्स लेने और ऐसे नोट्स को इंटरनेट या किसी भी और ज़रिये से अन्यों को पहुँचाने की मनाही है ।

**पार्किंग और निकासी** – दूर के पार्किंग एरिया से बुजुर्गों और विशेष आवश्यकताओं वालों की सहायता के लिए सीमित यातायात (transportation) का प्रबंध किया जा सकता है। **गाड़ियों को सेंटर से बाहर निकलने में समय लग सकता है, कृप्या धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा**

**करें। बाहर निकलने में देरी और क्षेत्र में यातायात के कारण, प्रोग्राम के समाप्त होने के कम से कम 5 घंटे बाद की उड़ानें (flights) बुक करने की सलाह दी जाती है।**

**यातायात** (transportation) – कुछ होटलों से शटल बसों का इंतज़ाम किया जा सकता है; कृप्या अधिक जानकारी के लिए होटल शटल इनफार्मेशन पेज और होटल शटल टिकट आर्डर फॉर्म देखें।

**बच्चों के साथ आना** – 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को सत्संग में जाने की अनुमति है। 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों को माता-पिता या अभिभावक के साथ फ़ैमिली एरिया (Family area) में जाना होगा। सत्संग के दौरान और सत्संग सेंटर पर हर समय, बच्चों के लिए माता-पिता और अभिभावक जिम्मेदार होंगे। कृप्या अतिरिक्त जानकारी के लिए फ़ैमिली एरिया पेज देखें।

**विशेष आवश्यकताएँ** – उन लोगों के लिए सहायता प्रदान की जाएगी जिनकी विशेष आवश्यकताएं हैं। जब आप पहुंचें, तो कृप्या स्पेशल नीड्स (Special Needs) ड्रॉप ऑफ और पार्किंग के संकेतों का पालन करें। सेंटर, कोई भी चिकित्सा के लिए उपकरण (मेडिकल इक्विप्मेंट) प्रदान करने में असमर्थ है, जैसे कि वीलचेयर, व्यक्तिगत उपयोग के लिए वॉकर इत्यादि। **अपनी ज़रूरत की चीज़ें ख़ुद लेकर आएँ।** अधिक जानकारी और स्पेशल नीड्स वाला एप्लीकेशन फॉर्म के लिए कृप्या वेबसाइट पर स्पेशल नीड्स पेज देखें।

**बधिरों के लिए सेवाएँ –** स्पेशल नीड्स और डेफ़ सर्विसेज़ एप्लीकेशन फॉर्म के भरने पर अमेरिकन साइन लैंग्वेज़ और क्लोज़्ड कैप्शनिंग मॉनिटर उपलब्ध किए जाएँगे।

**भोजन** – संगत के ख़रीदने के लिए सत्संग के बाद लंच बैग उपलब्ध होंगे। सत्संग से पहले, संगत चाय और कूकीज़ भी ख़रीद सकती है। कृप्या खाने की ज़्यादा जानकारी के लिए डाइनिंग गाइड (Dining Guide) देखें।

**स्थानीय लोगों के साथ सम्बन्ध** (Community Relations) – सत्संग में भाग लेने वाली संगत को स्थानीय लोगों के प्रति उदार और मिलनसार होना चाहिए। हमारे सत्संग केंद्रों ने स्थानीय समुदायों और स्थानीय सरकारों के साथ अच्छे संबंध बनाए हैं और किसी ऐसे कार्य की अनुमति नहीं है जो इस संबंध को क्षति पहुंचा सकता है। कृप्या होटल और रेस्टोरेंट्स में काम करने वाले कर्मचारियों को टिप (tip) देना याद रखें।

**वस्त्र, परफ्यूम, सुगंध, धूम्रपान और पालतू जानवर** – सख़्त जमीन और पार्किंग क्षेत्रों से दूर, लंबी दूरियों के कारण, चलने फिरने के लिए आरामदायक जूतों (वॉकिंग शूज़) की सलाह दी जाती है। सत्संग हॉल बंद नहीं है, खुली हवा का प्रवाह है। इस लिए सुबह में ठंड हो सकती है और तापमान जल्दी बढ़ भी सकता हैं। कृप्या उचित रूप से वस्त्र पहनें। कृप्या स्वास्थ्य सम्बंधी दिक़्क़त (एलर्जी, दमा, आदि) वाले संगत के प्रति सूझ-बूझ के साथ उदार रहें और कोई भी इत्र या अन्य सुगंध न लगायें। सत्संग स्थल पर धूम्रपान और प्रमाणित सेवा जानवरों (सर्विस ऐनिमल) को छोड़कर कोई भी पालतू जानवर लाने की अनुमति नहीं है।